>

Title: Need to shift Raw Material Division of the Steel Authority of India from Kolkata to Singhbhoom in Jharkhand. − Laid.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम): अध्यक्ष महोदय, कोलकाता में स्टील ॲथारिटी ऑफ इंडिया की एक रॉ मैटीरियल डिवीजन का एक कार्यालय है जिस पर सालाना कई करोड़ रूपये खर्च होता है जबकि इस डिवीजन की जो खानें हैं, वे 92 प्रतिशत झारखंड एवं उड़ीसा में हैं। कोलकाता में जो अधिकारी इस डिवीजन में काम करते हैं, वह अधिकांश खानों का निरीक्षण कार्य समय पर नहीं करते हैं एवं इस डिवीजन के अंतर्गत जो खानें चल रही हैं, उनके मजदूर एंव छोटे कर्मचारियों को अपने प्र ाशासनिक कार्यो के लिए सुदूर कोलकाता जाना पड़ता है, जिस पर धन खर्च होता है और समय व्यर्थ जाता है और बेकार में उनको अवकाश लेना पड़ता है। आर एम डी कार्यालय के बनने से पूर्व इस डिवीजन के जो उत्पादन लागत बहुत कम थी, जो इस कार्यालय के बनने के बाद इसकी लागत में बढ़ोत्तरी हुयी है, जिसका खामियाजा देश को, अन्ततः लोगों को उठाना पड़ता है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि आर एम डी कार्यालय को सिंहभूम में ही पदास्थापित किया जाये, जहां अधिकांश खानें हैं, साथ ही उड़ीसा की खानें भी सिंहभूम के पास हैं।